# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (1) अलेसे– I/271 दिनांकः 23.05.2018

### आदेश संख्याः 78/2018–19

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29 (2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति वर्ष 2013–14 की बैठक दिनांक 25.05.13 की सिफारिशों के आधार पर श्री राजेन्द्र प्रसाद (जन्म दिनांक 01.02.1962, लिंक नम्बर 773) सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय (लेखाकार), जिनका चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम के रिक्त पदों पर वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर (संतान संबंधी सूचना प्राप्ति की शर्त पर) किया गया था, के द्वारा संतान संबंधी सूचना प्रस्तुत कर दिये जाने से, इनको पदोन्नति पर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम पद की वेतन श्रंखला (पी.बी.–2) 9300–34800, ग्रेड–पे रूपये 4200/– (दिनांक 01.07.13 से 4800/–) में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है। श्री राजेन्द्र प्रसाद की वरिष्ठता श्री फूलसिंह एवं श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल के मध्य रहेगी।

श्री राजेन्द्र प्रसाद को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद पर चयन के वर्ष की अंतिम तिथि से इस आदेश की पालना में वास्तविक कार्यग्रहण तिथि तक पदोन्नति पद की वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

श्री राजेन्द्र प्रसाद सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I वर्तमान पदस्थापित कोष कार्यालय भरतपुर का पदोन्नति पर पदस्थापन कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर में एतद् द्वारा किया जाता है।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (1) अलेसे– I/271 दिनांकः 23.05.2018

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. सचिव, राज0 लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज0 जयपुर।
3. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष.................................
4. श्री ................................ सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय ................................ को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब फैक्स अथवा विभागीय ई–मेल aao1.dta@rajasthan.gov.in पर इस विभाग को भिजवायें।
5. उप निदेशक (एसीपी) को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु।
6. अतिरिक्त निजी सचिव निदेशक।
7. अलेसे–II/डीपीसी शाखा/ए.सी.आर. शाखा/जांच शाखा/गार्ड फाईल, निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

वित्त भवन ब्लाक कमरा नंबर 306 जयपुर फोन नं. 0141–2740239 फैक्स नं. 0141–2742309, ई–मेल -jdp-ta-rj@nic.in
E:\2016\sanjay\dpc\DPC AAO-I\promotion order.doc102